SUNDAY | 05.04.2026 | वैशाख कृष्ण-तृतीया
विक्रम संवत-2083

उत्तर प्रदेश

अमर उजाला

PAGE NO, 07, TOP

निशु पटेल के हरफनमौला प्रदर्शन से आईके कलेक्शन ने जीता मैच

टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के छठवें सीजन के दूसरे और तीसरे मैच में जीत का सिलसिला जारी

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के छठवें सीजन के दूसरे और तीसरे मैच में आईके कलेक्शन की टीम विजेता बनी। इसमें शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में निशु पटेल के हरफनमौला प्रदर्शन से आईके कलेक्शन ने एसएनएस बुलंदशहर को 150 रनों से हराया। वहीं, तीसरे मुकाबले में आईके कलेक्शन बरेली ने जीएसटी आरसीसी इलेवन बरेली के खिलाफ छह विकेटों से जीत दर्ज की।

टूर्नामेंट का दूसरा मैच शुक्रवार शाम दूधिया रोशनी में आईके कलेक्शन बरेली और एसएनएस बुलंदशहर के बीच हुआ। इसमें आईके कलेक्शन के कप्तान अब्दुल जीशान ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी का फैसला किया।

मैच के दौरान बल्लेबाज को आउट करने का प्रयास करता खिलाड़ी। स्रोत : एसआरएमएस

टीम ने सात विकेट खोकर निर्धारित 20 ओवर में 269 रन बनाए। इसमें कमल सिंह (59 रन), दीशु (74 रन) और निशु पटेल (75 रन) ने अहम योगदान दिया। रनों का पीछा करने उतरी एसएनएस बुलंदशहर की टीम के सभी बल्लेबाज 13 ओवर में 119 बनाकर पवेलियन लौट गए। आईके कलेक्शन बरेली की ओर से निशु पटेल ने दो ओवर में एक मेडन ओवर फेंकने के साथ मात्र नौ रन देकर चार विकेट अपने नाम किए।

बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में शानदार प्रदर्शन करने के लिए एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के कैंसर विशेषज्ञ डॉ. पवन मेहरोत्रा ने निशु पटेल को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रदान की।

शनिवार दोपहर टूर्नामेंट का तीसरा मैच आईके कलेक्शन और जीएसटी आरसीसी बरेली के बीच खेला गया। जीएसटी आरसीसी बरेली के कप्तान आकाश कुमार ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। पूरी टीम 19 ओवर में 123 रन बना सकी। इसमें कप्तान आकाश कुमार ने सर्वाधिक 37 रनों का योगदान दिया।

आईके कलेक्शन की ओर से दीशु ने 19 रन देकर चार विकेट, सिद्धार्थ गुप्ता ने तीन और पृथ्वी गैरा ने दो विकेट हासिल किए। आईके कलेक्शन ने शुरुआती झटकों के बावजूद 13 ओवर में हासिल कर छह विकेट से जीत हासिल की। इसमें दीशु ने 30 गेंदों पर 44 रनों का योगदान दिया। हरफनमौला प्रदर्शन के लिए आयोजन समिति के सेक्रेटरी डॉ. नितिन सक्सेना ने दीशु को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रदान की।